प्रेस नोट 2025/03

सशक्त महिला, सशक्त राष्ट्र" की थीम पर ऋषिकुल में आयोजित किया गया भव्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

प्रत्येक युवा की जिम्मेदारी है मतदान– जिला निर्वाचन अधिकारी

मतदाता बनना ही नहीं, मतदान करना भी हो प्राथमिकता। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए सालभर में चार अवसर – अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी

कार्यक्रम मे मतदाता जागरूकता की दिलाई गई शपथ

हरिद्वार 25 मार्च 2025दृ मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बी वी आर सी पुरुषोत्तम की पहल पर उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के सहयोग से हरिद्वार ऋषिकुल सभागार में "सशक्त महिला, सशक्त राष्ट्र" की थीम पर वृहद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी कमेंद्र सिंह, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने दीप जलाकर किया।

कार्यक्रम में जनपद हरिद्वार के विभिन्न आयुर्वेदिक कॉलेजों ने रंगोली, चित्रकला, पोस्टर, क्विज, नुक्कड़ नाटक में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत मतदाता शपथ के साथ हुई। इस अवसर पर जिला स्वीप आइकॉन को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश मतदाता जागरूक में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की थीम " सशक्त महिला, सशक्त राष्ट्र" रखी गई है। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला से समाज की सशक्त सोच और राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि अपने मत को पहचानें और किसी भी प्रकार से अपना मत प्रभावित होने न दें। उन्होंने कहा कि युवा समाज में सजग एवं जागरूक मतदाता के रूप में काम करें। उन्होंने कहा कि महिलाए अपने अधिकारों को पहचान कर प्रभावी ढंग से प्रभावित करें। उन्होंने कहा कि सभी ब्रांड एम्बेसडर बनकर सभी को स्वच्छ मतदान के प्रति जागरूक करें।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने कहा की मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड द्वारा प्रदेश में सालभर मतदाता जागरूकता के दृष्टिगत अलग थीम बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि हर माह को एक थीम पर केंद्रित करते हुए मतदाता जागरूकता

कार्यक्रम तय लिए गए हैं, इसी कड़ी में यह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग द्वारा जिन नागरिकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं वे सालभर में 4 अर्हता तिथि, 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई, 1 अक्टूबर के आधार पर फ़ार्म 6 भरकर नाम दर्ज करवा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि मतदाता बनना ही नहीं, मतदान करना भी हो प्राथमिकता हो। महिलाए अपने मताधिकार का शतप्रतिशत उपयोग करें। उन्होंने कहा महिला पुरुषों मे भेदभाव किए बिना ही निष्पक्षता से मतदान किया जाए। उन्होंने कहा कि महिलाए मतदान के साथ ही लीडरशिप सहित सभी क्षेत्रों मे और आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि निर्वाचन मे महिला मतदान पार्टियों एवं महिला संचालित बूथों की संख्या बढ़े।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता में फर्स्ट,सेकंड ओर थर्ड आने वाले विजेताओं को सम्मानित भी किया गया । चित्रकला प्रतियोगिता में मदरहुड आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज को मिला प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार संतोषी, आनंदमयी सेवा सदन एवं तृतीय पुरस्कार कीर्ति बिष्ट ऋषिकुल आयुर्वेद कॉलेज। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मदरवुड आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, द्वितीय पुरस्कार हरिद्वार आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज ओर तृतीय पुरस्कार क्वाडा इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक कॉलेज,स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार नेहा एचईसी कॉलेज, द्वितीय पुरस्कार साक्षी कश्यप ,आनंदमयी सेवा सदन इंटर कॉलेज ओर तृतीय पुरस्कार तान्या सक्सेना आनंदमयी सेवा सदन इंटर कॉलेज को मिला। प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को 3 हजार, द्वितीय को 2 हजार व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को एक हजार की नकद धनराशि व प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में रजिस्ट्रार/कुलसचिव रामजी शरण द्वारा धन्यवाद भाषण दिया गया।

इस अवसर पर उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरुणेश त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, जिला स्वीप आइकॉन वैशाली शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नरेश चौधरी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी,उप निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, , उप रजिस्ट्रार संजीव पांडे,एडीओ अरुणेश पैन्यूली,मुख्य प्रशानिक अधिकारी देवेंद्र सिंह अधिकारी,स्वीप सदस्य संतोष चमोला,स्वीप आइकन वैशाली शर्मा ,मनोज कुमार ,रमेश भटेजा अन्य अधिकारी व विभिन्न कॉलेज के छात्र छात्राएं भी उपस्थित थे।

............